॥ ॐ ह्रीं नमः ॥

॥ ऐं ह्रीं श्रीं श्री ललितायै नमः ॥

श्रीयंत्र अनुसंधान केंद्र

सम्पूर्ण श्रीयंत्र विवेचनम् एवं महात्म्य परिचय



- SHRÎ CHAKRA -

विशेष आकर्षण

श्री यंत्र एवं श्री विद्या से संबंधित कुछ प्रमुख तथ्य एवं महापुरुषों के विचार

श्री ललिता पंचकम्

श्री यंत्र पर अरविंद जी के विचार

श्री यंत्र पर कुछ विशिष्ट एवं दुर्लभ प्रयोग

प्रेम विवाह और ज्योतिष

सौजन्य से :– **श्री अभिषेक कुमार**

(श्री विद्या के उपासक एवं महाविद्याओं के सिद्ध साधक)

वन्दे गुरुर्मण्डलम्

।। नमः निखिलेश्वर्यायै ।।

—: श्री निखिल पंचकम् :—

ॐ नमः निखलेश्वर्यायै कल्याण्यै ते नमो नमः। नमस्ते रुद्र रूपिण्यै ब्रह्ममूर्त्यै नमो नमः।। 1।।

नमस्ते क्लेश हारिण्यै मंगलायै नमो नमः। हरति सर्व व्याधिनां श्रेष्ठ ऋष्यै नमो नमः।। 2।।

शिष्यत्व विष नाशिन्यै पूर्णतायै नमोस्तुते। त्रिविध ताप संहर्त्यै ज्ञान दात्र्यै नमो नमः।। 3।।

शांति सौभाग्य कारिण्यै शुद्ध मूर्त्यै नमोस्तुते। क्षमावत्यै सुधावर्त्यै तेज वर्त्यै नमो नमः।। 4।।

नमस्ते मंत्र रूपिण्यै तंत्र रूप्यै नमोस्तुते। ज्योतिषं ज्ञान वैराग्यं पूर्ण दिव्य नमो नमः।। 5।।

—: माहात्म्य :—

य इदं पठतिं स्तोत्रं श्रृणुयाद् श्रद्धयान्वितं। सर्व पाप विमुच्यन्ते सिद्धयोगि च संभवे।। 1।।

रोगस्थो रोग तं मुच्येत् विपदा त्राणया दपि। सर्व सिद्धि भवेदस्य दिव्य देह च संभवे।। 2।।

निखिलेश्वर्य पंचकं य नित्यं यो पठते नरः। सर्वान् कामानमवाप्नोति सिद्धाश्रमो च वाप्नुयात्।। 3।।

।। ॐ ह्रीं नमः ।।

॥ ऐं ह्रीं श्रीं श्री ललितायै नमः ॥

-:: क ए इ ल ह्रीं ह स क ह ल ह्रीं स क ल ह्रीं ::-

श्री यंत्र एवं श्री विद्या से संबंधित कुछ प्रमुख तथ्य एवं महापुरूषों के विचार

1. **जिस घर में श्रीयंत्र नहीं है, वह घर श्मशान के समान है – आदि शंकराचार्य**
2. श्री यंत्र में 2816 शक्तियों एवं देवियों का वास है और श्रीयंत्र की पूजा इन सारी शक्तियों की समग्र पूजा है – परमपूज्य गुरूदेव स्वामी निखिलेश्वरानंद जी महाराज
3. मैंने जितना ही ज्यादा श्रीयंत्र को समझने का प्रयास किया है, उतना ही रहस्य लपेटे हुए पाया है – पाश्चात्य विद्वान वुडरोफ
4. अन्य किसी भी प्रयोग या साधना से लक्ष्मी प्रसन्न हों या न हो, परंतु श्रीयंत्र की स्थापना करने मात्र से निश्चय ही लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं, और साधक को पूर्ण भौतिक सुख, सफलता और संपन्नता प्रदान करती है। जहां यह यंत्र स्थापित होता है, वहां पर दरिद्रता का पूर्ण विनाश होता है, ऋण समाप्ति में यह यंत्र पूर्ण सफलतादायक है – प्राचीन भारत वर्ष के सभी ऋषि-मुनिगण
5. यह यंत्र स्वयं ही पूर्ण होता है, यदि धातु निर्मित मंत्र सिद्ध प्राण प्रतिष्ठा युक्त हो। यह यंत्र अपने आप में रहस्यमय, विशिष्ट सिद्धिप्रद एवं प्रभावपूर्ण है – महर्षि भारद्वाज
6. श्रीयंत्र यदि मंत्र सिद्ध है तो इस पर अन्य किसी भी प्रकार का प्रयोग या उपाय करने की आवश्यक्ता नहीं है, क्योंकि यह स्वयं ही चैतन्य हो जाता है और जहां पर भी यह स्थापित होता है, उसी को अनुकूल फल और प्रभाव देने लग जाता है – महर्षि कणाद
7. लक्ष्मी तू चाह कर भी अब वैकुंठ में छुप नहीं सकती, तुझे आना ही पड़ेगा, क्योंकि मैंने श्रीयंत्र स्थापित कर लिया है – महर्षि वशिष्ठ
8. मेरी इच्छा तो नहीं है, जाने की लेकिन मुझे अब वशिष्ठ के यहां अपने संपूर्ण स्वरूपों से स्थापित होना ही पड़ेगा, क्योंकि उसने श्रीयंत्र स्थापित कर लिया है, जिसके प्रभाव से मेरा परम आकर्षण हो रहा है – क्षीर सागर में भगवान विष्णु से माता लक्ष्मी
9. वास्तव में ही वे नर धन्य हैं, जो अपने जीवन में त्रिपुर सुंदरी साधना की पूर्ण विधि ज्ञात कर, इस साधना में भाग लेते हैं, और सफलता प्राप्त करते हैं – महर्षि वशिष्ठ
10. ऐसे मनुष्य अभागे ही कहे जा सकते हैं, जो छोटी साधनायें तो कर लेते हैं, परंतु त्रिपुरसुन्दरी साधना में भाग नहीं लेते और फिर बिना सौभाग्य के ऐसी अद्वितीय साधना प्राप्त हो ही नहीं सकती – महर्षि विश्वामित्र
11. वे साधक धन्य हैं, जो अपने जीवन में त्रिपुर सुन्दरी साधना संपन्न कर धन, यश, मान, पद-प्रतिष्ठा अर्जित कर लेते हैं – योगीराज विज्ञानानंद
12. मेरा जीवन अधूरा और अपूर्ण ही रह जाता, यदि मैं अपने जीवन में तांत्रोक्त रूप से त्रिपुर सुन्दरी साधना संपन्न नहीं कर लेता – गुरू गोरखनाथ

13. मेरे पूरे जीवन का, और साधनात्मक जीवन का निचोड़ यह है, कि संसार की समस्त साधनाओं में मनोवांछा त्रिपुर सुन्दरी साधना अपने आप में पूर्ण है, अलौकिक है, अद्वितीय है, और आश्चर्यजनक रूप से सिद्धि प्रदान करने वाली है – आदि शंकराचार्य

14. श्रीविद्या पर लिखना अत्यंत कठिन कार्य है। मजाक नहीं है श्रीयंत्र का स्थापत्य एवं श्री ललिताम्बा सर्पया पूजन। क्षण भर में लेने के देने पड़ जा सकते हैं – परमपूज्य गुरूदेव श्री अरविंद सिंह जी महाराज

15. मैं गुरूदेव बलराम जी से दीक्षा लेकर अनेक वर्षों से शत्रु संहार के कार्यों में रत था, परंतु असफल था। अंत में श्रीयंत्र की स्थापना के बाद ही इस कार्य में मुझे पूर्ण सफलता मिली एवं मैं पूर्ण सिद्धि को प्राप्त हुआ – श्री अभिषेक कुमार

16. यह श्रीविद्या सारे संसार में, तीनों लोकों में अति दुर्लभ है। इसे कभी भी अभक्त एवं पराये शिष्यों को नहीं देनी चाहिए। जान देकर भी अगर यह प्राप्त हो तो ले लेनी चाहिए, इसमें घाटे का सौदा नहीं है – परमपूज्य गुरूदेव श्री निखिलेश्वरानंद जी

17. संपूर्ण राक्षस जाति को अगर धन–ऐश्वर्य से संपन्न बनाना है, तो श्रीविद्या की साधना एवं पारद या स्फटिक के श्रीयंत्र की स्थापना करनी ही होगी – राक्षसराज रावण

18. स्वर्ग में अगर लक्ष्मी को स्थायी रूप से स्थापित करना है, तो श्रीयंत्र की स्थापना करनी ही होगी – देवगुरू बृहस्पति एवं देवराज इन्द्र

19. अगर संपूर्ण दैत्य साम्राज्य का उत्थान चाहते हो, और अगर चाहते हो कि लक्ष्मी संपूर्ण ऐश्वर्यों के साथ दैत्यों के यहाँ निवास करे तो श्रीयंत्र की स्थापना करनी ही होगी – दैत्यगुरू शुक्राचार्य

20. रूद्र तत्व ज्यादा देर तक सहन नहीं कर सकता, शिवत्व को तो सौन्दर्य चाहिए ही। शिवत्व को शांत कर सकती हैं, भगवती महात्रिपुर सुन्दरी – परमपूज्य गुरूदेव श्री अरविंद सिंह जी

21. अब एक बात ध्यान से सुनिए, जो श्रीयंत्र की स्थापना करता है, उसके सूक्ष्मातीत रहस्य को समझता है, श्रीचक्र एवं श्रीयंत्र के आवरण में बैठी एक–एक शक्तियों की उपासना संपन्न करता है, और भगवती महात्रिपुर सुन्दरी की कृपा प्राप्त करता है, उसका पुनर्जन्म नहीं होता। जो गुरू श्रीयंत्र के अंतर्गत स्थान प्राप्त कर लेता है, वह जन्म और मृत्यु के बंधन से मुक्त हो जाता है, क्योंकि भगवती महात्रिपुर सुन्दरी कर्म के सिद्धांत का मजाक उड़ाती है, भाग्य रेखा को अपनी दृष्टि से परिवर्तित कर देती हैं, ग्रह–नक्षत्रों की वाणी अर्थात् जन्मकुण्डली को शून्य कर देती हैं। अतः श्री विद्या की उपासना जीव को अपने अंतिम जीवन में ही प्राप्त होती है। सब कुछ परिवर्तित कर देने की शक्ति, स्वयं भगवान बन जाने की शक्ति, स्वयं शिव बन जाने की घोषणा, सब कुछ मिटा देना, जैसा चाहना वैसा करना, जो जी में आए वो करना। समस्त सिद्धियों का चरणों में लौटना, समस्त अवतारों एवं देवी–देवताओं का हाथ जोड़कर सामने नतमस्तक होनी की शक्ति प्रदान करती है, भगवती महात्रिपुर सुन्दरी – परमपूज्य गुरूदेव श्री अरविंद सिंह जी

22. अब यह जन्म मेरा आखिरी है। अब जन्म–मरण के चक्कर में नहीं पड़ना पड़ेगा। गर्भ की कैद से सदा–सदा के लिए मुक्ति है, क्योंकि इस जन्म में मुझे श्रीविद्या की प्राप्ति हुई है और श्रीयंत्र की स्थापना करवाने जा रहा हूँ – श्री अभिषेक कुमार

23. अगर माँ भगवती महात्रिपुर सुन्दरी न हों, तो शिव को कोई नहीं पूजे। भस्म लगाए, श्मशान में बैठे, बूढ़े बैल की सवारी एवं नाना प्रकार के विचित्र जीवों से घिरे शिव का वास्तविक सौन्दर्य हैं, भगवती माँ महात्रिपुर सुन्दरी – आदि शंकराचार्य

24. भगवती त्रिपुरसुन्दरी ही शिव जैसे रूखे पत्थर में भी स्पंदन करा रही हैं। बिल्कुल ठीक कहा, माँ भगवती महात्रिपुर सुन्दरी न हों तो पता नहीं सृष्टि का क्या हाल हो जाए। आदि शंकराचार्य ने अपने शक्तिपीठों में कहीं भी शिवलिंग स्थापित नहीं किया, बल्कि केवल श्रीयंत्र स्थापित किए। उन्हीं में ताकत थी, सत्य देखने की। उन्हें ही भगवती महात्रिपुर सुन्दरी ने पूजन का अधिकार दिया। जिसने माँ भगवती महात्रिपुर सुन्दरी को पूज लिया, फिर उसे किसी पूजन की आवश्यकता नहीं है, उसे कहीं और उलझने की आवश्यक्ता नहीं है। परंतु मुख्य बात यह है कि क्या माँ भगवती महात्रिपुर सुन्दरी पूजन करने का अधिकार देती हैं? क्या वे स्वीकार करने को तैयार हैं? बस यहीं पर गाड़ी अटकती है। – परमपूज्य गुरूदेव श्री अरविंद सिंह जी

25. मेरी संपत्ति स्थायी होती ही नहीं, अगर शिव द्वारा मैंने श्रीविद्या साधना प्राप्त कर श्रीयंत्र की स्थापना न की होती – यक्षराज कुबेर

26. ललिताम्बा साधना अत्यंत गोपनीय है। इस साधना को भूल कर भी अपने पुत्र या शिष्य को भी नहीं बताना चाहिए – गोरख संहिता

27. ललिताम्बा साधना सिद्ध करने के बाद साधक पूरे संसार में विजयी होता है और ललिताम्बा यंत्र को धारण करने के बाद वह जिस व्यक्ति से भी मिलता है, उसको प्रभावित करता है और उस पर विजय प्राप्त करता है – शंकर भाष्य

28. सौभाग्यशाली साधक ही ललिताम्बा यंत्र को प्राप्त कर सकते हैं, इसे सिद्ध करने पर उसके शत्रु स्वतः ही समाप्त हो जाते हैं और जीवन में उसे किसी भी प्रकार का कोई भय नहीं रहता – तंत्रसार

29. यह एक प्रकार की कायाकल्प साधना भी है। इसके मंत्र जप से नपुंसक व्यक्ति भी पूर्ण यौवनमय एवं कामदेव के समान सौन्दर्यवान बन जाता है। यह साधना बुढ़ापे को समाप्त कर पुनः यौवन प्रदान करने में समर्थ है – रसतंत्र

30. एक तो ललिताम्बा यंत्र और उससे संबंधित मंत्र गोपनीय और सर्वथा दुर्लभ है। पर यदि किसी को यह प्राप्त हो जाए, तो उसे शून्य सिद्धि स्वतः प्राप्त हो जाती है और साधना सिद्ध होने पर वह वायु में से कोई भी पदार्थ प्राप्त करने में सफल हो जाता है और ऐसा व्यक्ति सिद्ध योगी कहलाता है – मंत्र विज्ञान

31. गुरू अपनी तेजस्विता से ललिताम्बा यंत्र को सिद्ध कर शिष्य को प्रदान करें और जब शिष्य ऐसा यंत्र धारण कर साधना संपन्न करता है, तो उसका तृतीय नेत्र स्वतः ही स्पन्दित हो जाता है –विश्वामित्र संहिता

32. हजार काम छोड़ कर भी साधक को यह साधना संपन्न कर लेनी चाहिए, क्योंकि अन्य साधनायें तो फिर भी प्राप्त हो सकती हैं, पर यह साधना तो कई–कई जन्मों के पुण्यों से ही प्राप्त हो सकती है – व्यास समुच्चय ग्रंथ

33. निष्फल है, उन सभी साधकों विशेषकर शाक्त साधकों का जीवन, जिन्होंने अपने जीवन में श्रीविद्या की दीक्षा नहीं ली है और श्रीयंत्र की स्थापना नहीं की है – महान वामाचारी तंत्र साधक श्रीवामाखेपा जी महाराज

34. अगर भारतवर्ष से सभी विद्यायें लुप्त हो जायें और अगर एक मात्र श्रीयंत्र रह जाए तो भी भारत पुनः विश्वगुरू बनने की क्षमता रखता है – स्वामी विवेकानंद

35. शक्ति कितनी भी प्रचण्ड क्यों न हो जाए, खून की प्यासी क्यों न हो जाए, अगर उसके सामने स्फटिक का श्रीयंत्र रख दिया जाए तो उसे वरदान देना ही पड़ेगा, भक्तों को अभय प्रदान करना ही पड़ेगा – श्री अभिषेक कुमार

36. मूर्ख हैं, वे लोग जो वर्षों से दुर्गा की मूर्ति तो स्थापना कर रहे हैं, किंतु श्रीयंत्र को महत्व नहीं दे रहे हैं। इस दुर्गा तंत्र का चरम बिंदु है – श्री यंत्र। शाक्त साधना में तीन क्रम हैं – दुर्गा तंत्र, कामाख्या तंत्र एवं श्रीविद्या तंत्र – श्री अभिषेक कुमार

37. कैसे भी निठल्ले व्यक्ति को यदि श्रीयंत्र का लॉकेट पहना दिया जाए, तो उसे भी सद्बुद्धि आ जाती है, और काम–काज करने लगता है। श्रीयंत्र में एक साथ सैंकड़ों शक्तियों का निवास है। एक भी व्यक्ति मुझे ऐसा नहीं मिला, जिसने प्राण प्रतिष्ठित श्रीयंत्र के सामने श्रीसुक्त का पाठ किया हो, और उसे कुछ नहीं मिला हो – श्री राधाकृष्ण श्रीमाली

38. अगर संपूर्ण सिख समाज को श्री संपन्न बनाना है, तो प्रत्येक गुरूद्वारे में श्रीयंत्र की स्थापना करो – गुरू गोविंद सिंह जी महाराज

39. जैन समुदाय को अगर बिना कृषि किए हुए भी लक्ष्मी संपन्न बनाना है, तो श्रीयंत्र की स्थापना कर देवी पद्मावती का पूजन करना ही होगा – 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ एवं 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर

40. अगर शास्ता के इस धर्म की पूरे विश्व में प्रचार–प्रसार चाहते हो, देवताओं द्वारा प्रशंसित इस धर्म के पूर्ण उत्थान के लिए प्रत्येक बौद्ध मठों एवं मंदिरों में श्रीयंत्र की स्थापना अवश्य करो – भगवान बुद्ध

41. बहुत हो चुका भिक्षाटन दो हाथों वालों के सामने। अब तो उसके आगे हाथ फैलाऊंगा, जिसके सामने शिव भी अपना भिक्षा पात्र फैलाते हैं, अर्थात् भगवती महात्रिपुर सुन्दरी से ही मांगूगा – दतिया पीठ के संस्थापक श्री श्री वनखण्डेश्वर जी महाराज

42. भगवती महात्रिपुर सुन्दरी की प्रतिष्ठा हेतु ही अन्य महाविद्यायें श्रीचक्र के अंतर्गत क्रियाशील की जाती हैं, क्योंकि अंत में महात्रिपुर सुंदरी आती हैं। जब सब निष्फल हो जाते हैं, शिव भी निष्फल हो जाते हैं, भैरव और गणेश भी निष्फल हो जाते हैं, वीरभद्र, मणिभद्र, महाकाली भी बाधित हो जाते हैं, तो अंत में माँ भगवती महात्रिपुर सुंदरी अपना धनुष उठाती हैं और एक क्षण में सब कुछ परिवर्तित करके रख देती हैं। मूल प्रकृति ही परिवर्तित करके रख देती हैं, अर्थात् मिर्ची को मीठा बना देना, विष को भी अमृत बना देना – परमपूज्य गुरूदेव श्री अरविंद सिंह जी

43. वास्तविक आध्यात्मिक यात्रा शुरू होती है, महाविद्या साधना से। यहाँ पर वह संतानोत्पत्ति से मुक्त होता है, स्त्री आकर्षण से मुक्त होता है। वह तंत्र क्षेत्र में पदार्पण करता है एवं एक–एक कर इन महाविद्याओं को हस्तगत करता है। कुछ जीवन वह शिव–शिव चिल्लाता है, शिव में उसकी अभिरूचि अत्यंत बढ़ जाती है। वह शिव गणों का पद भी प्राप्त करने में सक्षम होता है। बस यहीं पर वास्तविक खेल होता है एवं शिव से उसका मोह टूटता है, और वह भगवती महात्रिपुर सुन्दरी को पहचान लेता है। उसका कोई लक्ष्य नहीं बचता, न शिव, न अवतार, न गुरू, न कोई ग्रंथ इत्यादि। तब उसमें चित्त शक्ति का विकास होता है, और वह कामकला अर्थात् बिन्दु नाद के मर्म को समझ पाता है, और वह दुर्वासा, आदि शंकर, व्यास, परशुराम, दत्तात्रेय इत्यादि की श्रेणि में आ जाता है। यह है श्री–श्रीचक्र रहस्यम् – परमपूज्य गुरूदेव श्री अरविंद सिंह जी

44. अगर आध्यात्मिक व्यक्तियों की बात की जाए तो जिसने अपने आध्यात्मिक यात्रा में एक भी महाविद्या की साधना संपन्न नहीं की, उसे मैं आध्यात्मिक व्यक्ति मानता ही नहीं। उनसे बराबर में बात करना भी मुझे हेय लगता है। उनकी समस्त तथाकथित सिद्धियाँ, भीड़ एवं प्रपंच मुझे तुच्छ लगता है। व्यर्थ है उन धार्मिक व्यक्तियों का जीवन जिन्होंने अब तक महाविद्यायें साधना संपन्न नहीं की। और बेकार है उनका गुरू जिन्होंने अब तक उनको पारद शिवलिंग अथवा स्फटिक के श्रीयंत्र की स्थापना संपन्न नहीं करवायी अथवा श्रीविद्या दीक्षा संपन्न नहीं की, क्योंकि यही महाविद्या उनके जन्म–मरण के चक्र को काटने वाली है। उनकी समस्त सिद्धियों से बहुत ऊपर हैं ये महाविद्यायें – श्री अभिषेक कुमार

45. अगर भगवती त्रिपुर सुन्दरी की विद्या मुझे नहीं मिलती और इन्होंने अपने चरण कमलों का दर्शन करा कर मुझे संभाला नहीं होता तो आज मैं भी संसार के भवसागर में भटकता हुआ सामान्य प्राणी रहता और परायी स्त्रियों के चक्कर में उलझा रहता – श्री अभिषेक कुमार



बालार्क मण्डलाभासां चतुर्बाहुं त्रिलोचनाम्। पाशाङ्कुश धनुर्बाणान् धारयन्तीं शिवां भजे।।

श्री ललिता पंचकम् : ललिता प्रातः स्मरण स्तोत्र

(हिन्दी अनुवाद)

मैं प्रातः काल श्री ललितादेवी के उस मनोहर मुख कमल का स्मरण करता हूँ, जिसके बिम्बसमान रक्तवर्ण अधर, विशाल मौक्तिक से सुशोभित नासिका और कर्णपर्यन्त फैले हुए विस्तीर्ण नयन हैं, जो मणिमय कुण्डल और मंद मुस्कार से युक्त हैं तथा जिनका ललाट कस्तूरीतिलक से सुशोभित हैं।

मैं श्री ललिता देवी की भुजारूपिणी कल्पलता का प्रातःकाल स्मरण करता हूँ, जो लाल अंगूठी से सुशोभित सुकोमल अंगुली रूप पल्लवों वाली तथा रत्नखचित सुवर्णकंकण और अंगदादि से भूषित हैं एवं जिसने पुण्ड्र-ईख के धनुष, पुष्पमय बाण और अंकुश धारण किया है।

मैं श्री ललिता देवी के चरणकमल को, जो भक्तों को अभीष्ट फल देने वाले और संसार सागर के लिए सुदृढ़ जहाज रूप हैं तथा कमलासन श्री ब्रह्मा जी आदि देवेश्वरों से पूजित और पद्म, अंकुश, ध्वज एवं सुदर्शनादि मंगलमय चिन्हों से युक्त हैं, प्रातःकाल नमस्कार करता हूँ।

मैं प्रातःकाल परमकल्याण रूपिणी श्री ललिता भवानी की स्तुति करता हूँ, जिनका वैभव वेदान्तवेद्य है, जो करुणामयी होने से शुद्धस्वरूपा हैं, विश्व की उत्पत्ति, स्थिति और लय की मुख्य हेतु हैं, विद्या की अधिष्ठात्री देवी हैं तथा वेद, वाणी और मन की गति से अति दूर हैं।

हे ललिते! मैं तेरे पुण्यनाम कामेश्वरी, कमला, महेश्वरी, शाम्भवी, जगज्जननी, परा, वाग्देवी तथा त्रिपुरेश्वरी नामों आदि का प्रातःकाल अपनी वाणी द्वारा उच्चारण करता हूँ।

माता ललिता के अति सौभाग्यप्रद और सुललित इन पाँच श्लोकों को जो पुरुष प्रातः काल पढ़ता है, उसे शीघ्र ही प्रसन्न होकर श्री ललिता देवी विद्या, धन, निर्मल सुख और अनंत कीर्ति देती हैं।

श्री यंत्र के बारे में परम पूज्य गुरुदेव श्री अरविंद सिंह जी महाराज के कुछ अनमोल विशिष्ट वचन

1. श्रीयंत्र ब्रह्माण्ड की संरचना है एवं ब्रह्माण्ड का एकमात्र कार्य शक्ति उपासना है।
2. मातृ शक्ति एक रूप में व्यवस्थित नहीं की जा सकती। यही शक्ति की विशेषता है। साधक जिस रूप में शक्ति की उपासना करता है, वह अपनी क्षमतानुसार शक्ति के उस रूप को प्राप्त करता है। परंतु शक्ति के अगर सभी रूप एकाग्रचित्त अर्थात् एक में समाहित कर दिये जायें और सबके सब अगर श्री उत्पादन में तल्लीन हों, तो श्रीयंत्र की उत्पत्ति होती है। सृष्टि, स्थिति और संहार का अनूठा गठबंधन है : श्री यंत्र।
3. श्रीयंत्र के अंतर्गत मातृ शक्ति के जितने भी रूप हैं, सब के सब एक साथ पुष्प गुच्छ के रूप में समाहित हैं और षोडशी रूपी मातृ शक्ति इन सबके बीच क्रियाशील है। अतः इसकी उपासना शांति एवं विभिन्नता प्रदान करती है। जीवन में प्रचुरता श्री यंत्र के माध्यम से ही आती है।
4. मनुष्य को मालूम है कि मृत्यु निश्चित है, परंतु मनुष्य श्री उपासना के द्वारा मृत्यु को ढकेलता है, जीवन को सर्वोपयोगी बनाता है एवं मृत्यु के पश्चात् भी अमरांश की प्राप्ति करता है।
5. आदि काल से ही भारत की धर्मभूमि पर मंदिरों, देवालयों, आश्रमों एवं गृहस्थों के पूजा घरों में श्रीयंत्र की स्थापना एवं उपासना का विधान है। श्रीयंत्र विशुद्ध ब्रह्माण्डीय ऊर्जा को ग्रहण एवं विस्तारित करता रहता है एवं इसके सान्निध्य में निवास करने वाले व्यक्तियों को यह अद्भुत शांति, सुख और विपुलता प्रदान करता है। जिस भी स्थान पर श्री यंत्र का विधि–विधान से प्रतिदिन पूजन होता है, वहाँ का आभामंडल स्वयमेव अलौकिक एवं आनंदमयी हो जाता है।
6. इस संपूर्ण ब्रह्माण्ड में जो भी आकार, आकृति या रहस्य है, वह श्रीयंत्र में है। अर्थात् इस ब्रह्माण्ड का प्रसवक्रम श्रीयंत्र में निहित है।
7. जो भी देव शक्तियाँ श्रीयंत्र में हैं वे सबकी सब पूर्ण संतुष्ट अवस्था में हैं। इसलिए श्रीयंत्र को सृष्टि, स्थिति एवं प्रलय का द्योतक माना गया है। प्रलयकाल में भी श्रीयंत्र की सत्ता बनी रहती है।
8. श्रीयंत्र के माध्यम से कुछ भी प्राप्त किया जा सकता है, कुछ भी निर्मित किया जा सकता है। यहाँ तक कि अवतारों को भी विकसित इसी माध्यम से किया जाता है।
9. शिव ने सर्वप्रथम 64 वाममार्गीय रहस्यों को उजागर किया, परंतु उमा के कहने पर अंत में 65वीं बार श्रीयंत्र का आविष्कार किया और इसके बाद तो वे मौन हो गये। श्री यंत्र शिव की सभी योनियों के लिए अंतिम एवं सर्वाधिक महत्वपूर्ण देन है। इसके माध्यम से उन्होंने अमरता प्रदान कर दी, परकाया प्रवेश की सिद्धि प्रदान कर दी, जीव को मृत्यु के पाश से मुक्त करा दिया, कल्पांत तक जीने की व्यवस्था कर दी।
10. मंदिर निर्माण से पहले सर्वप्रथम श्री यंत्र स्थापित किया जाता है। फिर देव प्रतिमा की स्थापना की जाती है और मूर्ति के ठीक ऊपर महामृत्युंजय यंत्र स्थापित किया जाता है। श्रीयंत्र अनेकों यंत्रों को शक्ति प्रदान करता है।
11. श्रीयंत्र मूलाधार की शक्ति है और इसी के द्वारा मूर्ति चैतन्य होती है एवं ऊपर लगा महामृत्युंजय यंत्र भी श्रीयंत्र के द्वारा ही देव प्रतिमा को आयु प्रदान करता है। यह समस्त अभिचार कर्म, कीलनों एवं आक्रमणों से देव प्रतिमा की रक्षा करता है।
12. धर्म परम रस है। इसके पान से ही जीव को संपूर्णता प्रदान होती है और श्रीयंत्र का मुख्य उद्देश्य धर्म का उत्सर्जन करना है।

13. श्रीयंत्र दृष्टिकोण को विराटता प्रदान करता है। श्री यंत्र वह साधना है, जिसमें कि बल की एक इकाई करोड़ गुना ज्यादा परिणाम प्रदान करती है। जब तक श्री सिद्धि नहीं होगी, सम्मोहन कदापि नहीं आएगा।
14. मन में विचार आते हैं, किसी योजना को संपन्न करने के लिए परंतु जीवन भर नहीं कर पाते, बस केवल सोचते रह जाते हैं। ऐसी स्थिति में त्रिपुर सुंदरी का तांत्रोक्त अनुष्ठान करना पड़ेगा। पूजा करने का मन होता है, गुरू के पास जाने की इच्छा होती है, परीक्षा एवं व्यापार में मन लगाने की इच्छा भी होती है, परंतु गुरू के पास जा नहीं पाते, पूजा कर नहीं पाते और किसी भी भौतिक उत्थान के कार्य में मन ही नहीं लगता। अर्थात् षोडशी शक्ति का नितांत अभाव है। इन विपरीत परिस्थितियों में माता षोडशी त्रिपुरसुन्दरी की तांत्रोक्त आराधना एवं कवच पाठ श्रीयंत्र के सान्निधय में साधक को क्रियाशीलता की प्रतीक षोडशी शक्ति से संपन्न कर देता है।
15. इस जगत में जो भी दृश्यमान चित्र निर्मित होते हैं, वह सबके सब श्रीयंत्र के अंदर स्थित है। बिंदु, रेखा, त्रिकोण, चतुर्भुज, पंचकोण, षट्कोण इत्यादि के साथ वृत्त, भूपुर, पुष्पदल सभी प्रकार की आकृतियाँ श्रीयंत्र के अंदर कहीं–न–कहीं निर्मित होती हैं। चाहे डमरू हो, त्रिशूल हो, स्वास्तिक हो या कोई और अन्य शुभ चिन्ह वह श्रीयंत्र के अंदर अवश्य दिखलाई पड़ता है। अतः इस देव निर्मित परम ब्रह्माण्डीय यंत्र के द्वारा असंख्य प्रकार के शुभ लाभ लिए जा सकते हैं।
16. युद्ध ब्रह्माण्ड की निरंतरता नहीं है। यह तो तात्कालिक क्रोध का परिणाम है। चाहे राम हों या कृष्ण या फिर कोई अन्य अवतार, एक दिन युद्ध से सभी थक जाते हैं। आदि गुरु शंकराचार्य जी ने समस्त जीवन युद्ध किया। अंत में माँ त्रिपुर सुंदरी की शरण में गये। अपने मठों में श्री साधना प्रारम्भ करवाई एवं श्रीयंत्र का स्थापत्य किया। ❁ ❁ ❁

समस्या समाधान

प्रतिकूलता सृष्टि का विधान है। प्रतिकूलता न हो तो मनुष्य अपनी संपूर्णता की तरफ बढ़ने का प्रयत्न ही न करे। प्रतिकूलता न हो तो एक भी व्यक्ति ईश्वरोपासना के मार्ग पर नहीं चले। समस्या, मुसीबत, दुर्भाग्य, रोग, दरिद्रता, कष्ट इत्यादि प्रतिकूलता के ही अंग–प्रत्यंग हैं। प्रतिकूलता बार–बार जीव को कुछ करने के लिए, कर्म फल प्राप्ति हेतु, सुधार हेतु, ज्ञान हेतु, सम्प्रेषण हेतु और इससे भी बढ़कर गुरु सान्निध्य, ईश्वर सान्निध्य हेतु उत्प्रेरित करती है। एक भी व्यक्ति ऐसा ढूंढकर ले आओ, जो समस्याओं से ग्रसित न हो? मैं उसे और तुम्हें दोनों को माल्यार्पण कर निश्चित ही परम वंदन कर उठूंगा। आध्यात्म का प्रत्येक अंग चाहे वह मंत्रोपासना हो, योग, ध्यान, सिद्धि, यंत्र, तंत्र, दीक्षा इत्यादि हों इन सबका समग्रता के साथ समस्या समाधान हेतु उपयोग किया जाता है। यज्ञानुष्ठान, हवन सभी निश्चित ही जनकल्याण के लिए अति श्रेष्ठ एवं उत्तम मार्ग हैं। भौतिक, अधिभौतिक, दैविक, दैहिक एवं आध्यात्मिक प्रतिकूलताओं के लिए आप हमारे माध्यम से कुछ राय, कुछ सहयोग, कुछ दिशा–निर्देश एवं मार्ग प्राप्त कर सकते हैं, वह भी बिना किसी बाध्यता के। किसी भी सूरत में आपकी स्वतंत्रता खण्डित नहीं होगी, यह मेरा वायदा है। आप पत्र भी लिख सकते हैं। पत्र के साथ टिकट लगा जवाबी लिफाफा अवश्य होना चाहिए। पत्रों की अधिकता के कारण कभी–कभी समय लग जाता है। फिर भी एक महीने के भीतर जो भी पत्र प्राप्त होता है, उसका उत्तर अवश्य दिया जाता है।

हमारा पता

श्री श्री अभिषेक कुमार

(समस्या समाधान)

शक्ति अनुसंधान केन्द्र

मो0–हजारी, नून का चौराहा, पटना सिटी, पटना–8.

श्री यंत्र पर कुछ विशिष्ट, अद्भुत, दुर्लभ प्रयोग

1. **असाध्य उदर रोग पर स्फटिक श्रीयंत्र का प्रयोग** :– चाँदी की थाली में पानी भरकर उसमें स्फटिक का श्रीयंत्र स्थापित करें। फिर त्राटक करते हुए इस मंत्र का जप करें– **वं सर्व व्याधि विनाशिनी फट् स्वाहा**– पाँच मिनट तक। जप के समय पीले रंग का ध्यान करें। अब इस जल का सेवन करने पर पेट के समस्त रोगों का शमन होता है। यह प्रयोग 15 दिनों तक करें।
2. **वास्तु दोष निवारण व लक्ष्मी आबद्ध प्रयोग** :– फैक्ट्री या कंपनी में एक ताम्र कुबेर यंत्र पर पारद श्रीयंत्र स्थापित कर कुबेर पूजा धनतेरस वाले दिन संपन्न करें, तो वास्तुदोष शून्य होकर लक्ष्मी आप पर कृपा करेगी। वास्तु दोष के कारण फैक्ट्रीयाँ बंद पड़ जाती हैं एवं कर्ज इत्यादि अधिकतम हो जाते हैं। अतः यह प्रयोग अनिवार्य है।
   पूजा प्रार्थना मंत्र –
   ॐ धनाद्दयक्षाय देवाय नरयानोपवेशिने नमस्ते राजराजय कुबेराय महात्मने।।
   धूप–दीप दिखाकर पुष्प चढ़ावें।
3. **श्रीयंत्र पर कुण्डलिनी जागरण प्रयोग** :– कई जन्मों के पाशविक संस्कारों के कारण कुण्डलिनी शक्ति क्रियान्वित नहीं होती, परंतु कलयुग में आप कूर्मपृष्ठीय श्रीयंत्र पर कुण्डलिनी जागरण साधना संपन्न करें। पहले समर्थ गुरु से प्राण–प्रतिष्ठित पारद या स्फटिक श्रीयंत्र प्राप्त करें। इस यंत्र को पूजा स्थल पर गुलाबी वस्त्र पर स्थापित करें। अब निम्नोक्त मंत्र का पाँच मिनट प्रातः काल त्राटक संपन्न करें। ऐसा नौ दिनों तक करना है। यह क्रिया नौ दिन रात्रि या शुक्ल पक्ष के प्रथम दिन से शुरू करें। समय सिर्फ प्रातः काल का होना चाहिए।
   मंत्र – **घं सर्वा ह्लादिनी हूं फट् नमः।** – इस साधना में गुलाबी रंग का ही ध्यान करें। शनैः शनैः कुण्डलिनी उत्थान होती अनुभव होगी।
4. **विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए श्रीयंत्र पर प्रयोग** :– प्रायः प्रत्येक विद्यार्थी सफलता के उच्च शिखर को छूना चाहता है। उसके माता–पिता भी यही अपेक्षा रखते हैं। किंतु कतिपय अवरोधों के कारण यदि ऊर्जा स्थिर हो गयी हो और वांछित परिणाम नहीं मिल रहे हों तो निम्न प्रयोग करें –
   चाँदी की थाली में एक स्फटिक का श्रीयंत्र स्थापित करें और **''ह्रीं ॐ नमः शिवाय ह्रीं''** मंत्र का 36 मिनट तक उच्चारण करते हुए श्रीयंत्र पर जलधारा छोड़ें। अब पूर्वाभिमुख हो वही जल जो श्रीयंत्र पर चढ़ाया गया है, ग्रहण कर लें। निश्चय ही स्मरण शक्ति के विकास के साथ–साथ सुप्त चेतना जाग्रत हो जाएगी।
5. **मृत व्यक्ति का स्वप्न आने पर** :– कई लोगों को मृत व्यक्ति स्वप्न में अधिक दिखते हैं। अतः उन्हें एक ताम्र श्रीयंत्र प्राप्त कर सोते समय तकिये के नीचे रखकर सोना चाहिए। प्रयोग अवधि सवा माह तक करें। फिर यंत्र को नदी या तालाब में विसर्जित करें।
6. **बिक्री में आशातीत वृद्धि हेतु** :– एक कूर्मपृष्ठीय श्रीयंत्र रखें और 21 लौंग इस मंत्र से चढ़ावें तो इच्छानुसार बिक्री होती है।
   भंवरवीर तू चेला मेरा, खोल दुकान कहा कर मेरा। उठे जो डण्डी बिके जो माल, भंवरवीर खाली नहीं जाए।

इस प्रयोग को दीपावली पर दुकान में संपन्न करें। एक लौंग पर एक बार मंत्र पढ़े। यंत्र को ताम्र पात्र या चांदी के पात्र में ही रखें।

7. **लंबी यात्रा में भय निवारण हेतु** :– क्या आप निजी वाहन से यात्रा करते हैं और लगता है कि दुर्घटना की संभावना हो सकती है तो अपने कार या वाहन में गुरु से प्राप्त ताम्र पात्र पर अंकित श्रीयंत्र लगायें। दुर्घटना की संभावना दूर हो जाती है एवं वाहन चलाने में आत्मविश्वास बढ़ता है।
8. **किसी अनजान जगह पर विश्राम के समय भय लगना** :– क्या आप यात्रा के समय किसी होटल या किसी अन्य जग पर रुकते हैं, जहाँ आपको नींद में बेचैनी, स्वप्न आते हैं तो आप एक श्रीयंत्र साथ में रखें एवं कहीं भी विश्राम के समय इस यंत्र पर तीन मिनट तक त्राटक कर निश्चिन्त होकर सोएं। श्री आपकी रक्षा करेगी।
9. **वास्तु दोष निवारण प्रयोग** :– मकान या घर बनवाते समय भूमि–चयन अति आवश्यक है। कूर्मपृष्ठीय भूमि पर बना घर सुख–समृद्धि, यश देने वाले होता है। समतल भूमि पर बना घर मध्यम सुख, यश, कीर्ति कारक होता है। वहीं दूसरी ओर धँसी हुई जगह, ऊबड़–खाबड़, नाले वाली जगह, उतार वाली जगह पर बना आपका घर अशांति, दुःख, अकालमृत्यु, तंत्रबाधा, लक्ष्मी का उच्चाटन आदि घटनाओं को आमंत्रण देता है। परंतु यदि परिस्थितिवश ऐसी जगह आपका घर बन ही गया है तो चिंता छोड़ यह वास्तुदोष प्रयोग करें।

   घर के ईशान कोण में पारद या स्फटिक का श्रीयंत्र स्थापित कर दें। क्योंकि श्रीयंत्र ही वास्तु का रहस्य है। श्रेष्ठता का निर्माण ही श्रीयंत्र है। घर में नकारात्मक शक्तियों का नाश ही श्री विद्या का उद्देश्य है। अतः आपके घर व दुकान में श्रीयंत्र होना ही चाहिए।
10. **उच्च कोटि के संतान की निर्विघ्न प्राप्ति हेतु** :– स्फटिक श्रीयंत्र को ताम्र पात्र के अंदर स्थापित कर दें एवं 11 बार **ॐ श्रीं श्रियै नमः** मंत्र का जप करते हुए पात्र को गंगा जल से भर दें। प्रातः काल गर्भिणी स्त्री पूर्व की तरफ मुख करके इस जल को पी ले। इससे न तो गर्भपात होगा, न ही शल्य चिकित्सा की जरूरत पड़ेगी और पैदा होने वाला शिशु पूर्ण रूप से विकसित होगा। किसी भी प्रकार की मानसिक एवं शारीरिक विकलांगता उसमें नहीं होगी। अगर दम्पत्ति चाहते हैं कि होने वाला बच्चा प्रखर मानसिक शक्तियों से सम्पुट हो तो उन्हें प्रतिदिन गर्भावस्था के दौरान राजराजेश्वरी खड्गमाला स्तोत्र का पाठ करना चाहिए। यह प्रयोग कम–से–कम आठ माह तक करना चाहिए।
11. **दृष्टिदोष निवारण हेतु** :– कुछ लोगों में रंगों को न पहचानने का दृष्टिदोष होता है एवं कभी–कभी वे रात्रि में देखने में अक्षम होते हैं। हर प्रकार के दृष्टि दोष के निवारण हेतु रंगीन श्रीयंत्र कागज के ऊपर निर्मित कर लें या बाजार से ले आयें एवं प्रतिदिन इस पर दो मिनट अवश्य दृष्टि डालें। आपको चौंका देने वाले परिणाम मिलेंगे।
12. **द्वंद्व की स्थिति से निवारण हेतु** :– व्यक्ति द्वंद्व की स्थिति से ग्रसित होता है। उसके सामने निर्णय न ले पाने की स्थिति निर्मित होती है। ऐसी स्थिति में उसे श्रीयंत्र सामने रखकर **ॐ ह्रीं आधार रूपिणि त्रिपुर सुन्दरी स्वाहा** मंत्र का रूद्राक्ष माला से 108 बार जप कर लेना चाहिए। तदुपरांत लिया गया निर्णय भविष्य में अत्यंत ही उपयोगी एवं सही साबित होता है।
13. **प्रथम अवसर पर श्रेष्ठतम प्राप्ति** :– एक बार में सही पति मिले, एक बार में सही व्यवसाय मिले, प्रथम बार में ही उच्चकोटि की संतान उत्पन्न हो, प्रथम बार में ही लक्ष्य

सिद्ध हो, प्रथम बार में ही उपयुक्त गुरु मिले यही है जन्मजात श्री सिद्धि। बार–बार भटकाव न हो, बार–बार विवाह न करना पड़े, बार–बार परीक्षाओं में न बैठना पड़े, जो कुछ प्राप्ति हो पहली बार में सर्वश्रेष्ठ प्राप्त हो। इस मनः स्थिति की प्राप्ति हेतु आप जीवन के प्रत्येक कार्य करने से पहले श्रीयंत्र के ऊपर प्रतिदिन इस मंत्र का 21 बार जप करें।

ॐ श्रीं ह्रीं श्रीं कमले कमलालये प्रसीद प्रसीद श्रीं ह्रीं श्रीं ॐ महालक्ष्म्यै नमः।।

14. **श्रीकल्प प्रयोग** :– यह अत्यंत ही गोपनीय प्रयोग है। सर्वप्रथम कूर्म के ऊपर निर्मित शुद्ध पारद श्रीयंत्र पूजा घर में स्थापित करें एवं प्रतिदिन भोजन करने से पूर्व, जलपान करने से पूर्व श्रीयंत्र के सामने एक चांदी के प्लेट में भोजन, जल इत्यादि रखकर श्रीयंत्र को अर्पित करें एवं 21 बार **ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं ऐं कमलवासिन्यै स्वाहा** मंत्र का जप करें। तत्पश्चात् ही भोजन ग्रहण करें। सारे जीवन आप निरोगी, यौवनवान एवं आकर्षक बने रहेंगे। श्रीयंत्र को अर्पित किया गया भोजन गाय को खिला देना चाहिए।
15. **अनियमित मासिक धर्म निवारण प्रयोग** :– शनिवार की संध्या को अष्टगंध की स्याही बना लें एवं भोजपत्र के ऊपर अनार की कलम से ऊपर वर्णित यंत्र को दक्षिण की तरफ मुख करके निर्मित करें। यंत्र निर्मित करते समय **ॐ ह्रीं कामाक्ष्यै नमः** का 108 बार मानसिक रूप से जप करें। तत्पश्चात् इस यंत्र को चांदी की ताबीज में रखकर कमर में धारण करें। ऋतुकाल में इस मंत्र का मानसिक रूप से जप करते रहने से अनियमितता, कष्ट इत्यादि में चमत्कारिक लाभ मिलता है।
16. **गुमशुदा व्यक्ति की वापसी हेतु तांत्रिक प्रयोग** :– गुमशुदा व्यक्ति के घर के बाहर से थोड़ी–सी मिट्टी उठाकर उसे कपिला गाय के गोबर में मिलाकर घर एक कोने को लीप दें। लीपे हुए स्थान पर ऊपर वर्णित यंत्र को कोयले से बनाना चाहिए एवं यंत्र के नीचे गुमशुदा व्यक्ति का नाम भी लिखना चाहिए। यह कार्य मंगलवार के दिन करें। उस स्थान पर बैठकर **ॐ ह्रीं मम सर्वार्थ साधिनी स्वाहा** का 2100 बार रूद्राक्ष माला से जप करें। 21 दिन के भीतर गुमे हुए व्यक्ति का पता चल जाता है।
17. **तंत्र बाधा निवारण प्रयोग** :– क्या आप अपने ऊपर से तंत्र बाधा हटाना चाहते हैं, आपका सिर भारीपन लिए हुए है, आँखें भारी–भारी लग रही हैं, कमर और जांघों में दर्द है किसी भी काम में मन नहीं लग रहा हो तो एक मिट्टी के दिए में तेल भर लें। अब इस तेल वाले दिये में नौ मिनट तक अपना चेहरा देखें और यह तेल हनुमान मंदिर में जलते हुए किसी भी दिये में डाल दें। यह प्रयोग शनिवार को करें। इस उपाय से आपको अच्छा अनुभव होगा।
18. **अनुकूल परिणाम हेतु प्रयोग** :– अत्यधिक मेहनत करने पर भी परीक्षा के परिणाम अनुकूल न आना एवं परीक्षा स्थल पर अध्ययन की गयी सामग्री को भूल जाना जैसी स्थिति से बचने के लिए गुरुवार के दिन सुलेमानी हकीक चांदी में जड़वाकर दायें हाथ की तर्जनी में पहनने या लॉकेट बनवाकर गले में धारण करने से अनुकूल परिणाम आते हैं। सुलेमानी पत्थर धारण करते समय 108 बार गुरु मंत्र का जप कर लेना चाहिए।
19. **शांतिपूर्वक नींद आने का प्रयोग** :– रत्रि में शांतिपूर्वक नींद न आने की स्थिति में अपने सामने तांबे के पात्र में शुद्ध जल भर लें। तत्पश्चात् दुर्गा सप्तशती में वर्णित रात्रि सूक्तम् का एक बार पाठ करके पात्र में रखा हुआ जल पी लें। सिर में ब्राह्मी तेल और पैरों में कैस्ट्रोल तेल लगाने से शांति के साथ रात्रि कटती है। व्यक्ति को अकारण ही नींद की गोलियों का सेवन या मादक पदार्थ नहीं लेना पड़ता है।

20. **आरोग्य प्राप्ति हेतु** :– आरोग्य प्राप्ति हेतु लाल रंग के मूंगे से निर्मित श्रीयंत्र स्थापित करना चाहिए। यह यंत्र 70 ग्राम से अधिक का ही होना चाहिए एवं इस श्रीयंत्र को मंगलवार के दिन चांदी के तश्तरी में कुछ जल भरकर स्थापित करें। श्रीयंत्र के दोनों ओर ऊँची सूंड़ वाले मूंगे के हाथी भी स्थापित करें। प्रतिदिन एक चांदी के कलश में कच्चे दूध में शहद, इत्र, लाल पुष्प, चंदन एवं गंगा या नर्मदा जल मिलाकर त्रिपुरसुन्दरी खड्गमाला मंत्र को पढ़ते हुए अभिषेक संपन्न करें। इस प्रयोग को संपन्न करने से श्रीयंत्र के अंदर स्थापित सर्वरोग हरचक्र जागृत हो साधक को सभी प्रकार के रोगों से मुक्त कर देता है।
21. **मानसिक रोग निवारण हेतु** :– पन्ने के उपरत्न से निर्मित सुमेरु श्रीयंत्र को स्थापित करने से साधक को नाना प्रकार के मानसिक रोगों, अज्ञात भय, मृत्यु भय, दुःस्वप्न इत्यादि से छुटकारा मिलता है। पन्ने के उपरत्न से निर्मित श्रीयंत्र 101 ग्राम से अधिक का होना चहिए। इस यंत्र को भी चांदी की तश्तरी में स्थापित करना चाहिए एवं यंत्र के ऊपर प्रतिदिन निम्नलिखित मंत्र पढ़ते हुए **ऐं ह्रीं श्रीं सर्व व्याधि विनाशिनी नमस्ते नमस्ते स्वाहा।** कच्चे दूध से अभिषेक करने पर समस्त मानसिक उपद्रव शांत हो जाते हैं। प्रतिदिन 108 बार इस मंत्र का जप करना चाहिए। इस प्रकार तीन माह तक इस साधना को संपन्न करने से मानसिक उपद्रव से छुटकारा मिलता है।
22. **यश प्राप्ति के लिए** :– सन सितारा नामक एक पत्थर होता है। लगभग 101 ग्राम के आसपास मेरुपृष्ठ श्रीयंत्र को इस पत्थर पर निर्मित करवा लेना चाहिए एवं इसके पश्चात् इस यंत्र को चांदी की तश्तरी में शुक्रवार के दिन स्थापित करना चाहिए और फिर सुगंधित तेल, श्वेत चंदन, इत्र, गुलाब के पुष्प की पंखुड़ियों को शुद्ध जल में मिश्रित कर निम्न मंत्र पढ़ते हुए **ऐं ह्रीं श्रीं सर्व सौभाग्य दायक चक्रस्वामिनी नमस्ते नमस्ते स्वाहा**– से अभिषेक करने पर सर्व सौभाग्यदायक चक्र जागृत हो उठता है और साधक को 6 माह के भीतर ही कहीं न कहीं से यश की प्राप्ति होती है। राजनेताओं, अभिनय क्षेत्र में काम करने वालों, पत्रकारों, लेखकों इत्यादि के लिए इस प्रकार का श्रीयंत्र अत्यंत लाभदायक होता है।
23. **रसायन सिद्धि के लिए** :– मुख्य रूप से भगवती महात्रिपुर सुंदरी साधक को उच्चतम अवस्था में रस सिद्धि प्रदान करती है। रस ही सबसे ज्यादा स्वरूप परिवर्तन करने में सक्षम होता है। रसायन सिद्धि प्राप्त साधक मुख्य रूप से पारद का उपयोग कर नाना प्रकार की औषधि एवं विभिन्न धातुओं के मूल में परिवर्तन कर एक नई धातु प्राप्त कर सकता है। आध्यात्मिक दृष्टिकोण से रसायन सिद्धि अत्यंत महत्वपूर्ण है। श्रीयंत्र के द्वितीय आवरण में चौथे स्थान पर रसाकर्षिणी के रूप में माँ त्रिपुर सुंदरी क्रियाशील होती हैं। रस सिद्धि प्राप्ति हेतु सर्वप्रथम तांत्रोक्त श्रीयंत्र पारद निर्मित स्थापित करना चाहिए। कच्छप का मुख शिवलिंग की तरफ होना चाहिए। इसे शुक्रवार या पूर्णिमा के दिन स्थापित करें। श्रीयंत्र का वृह्द आवरण पूजन को एक बार अवश्य संपन्न कर लें। फिर निम्न मंत्र **ऐं ह्रीं श्रीं रसाकर्षिणी नित्याकला नमः** का सवा लाख बार जप करें। सवा लाख मंत्र जप के पश्चात् दशांश हवन इस मंत्र में स्वाहा लगाकर करें। हवन सामान्य हवन सामग्री से ही करें। शरीर के आंतरिक रसों पर नियंत्रण होते ही साधक पुनः युवावस्था अपने अंदर उत्पन्न करने में सक्षम हो जाता है। जप स्फटिक माला से करना चाहिए।
24. **तांत्रोक्त श्रीयंत्र** :– तांत्रोक्त श्रीयंत्र शुद्ध पारद से निर्मित होता है, जिसके कारण यह अत्यंत ही नाजुक होता है। तांत्रोक्त श्रीयंत्र गिने–चुने साधकों को ही दिया जाता है। आध्यात्म के क्षेत्र में कभी धन, अन्न या किसी और भौतिक सामग्री की कमी न पड़े इस

हेतु तांत्रोक्त श्रीयंत्र प्रदान किया जाता है। तांत्रोक्त श्रीयंत्र के साथ एक नियम और आवश्यक है कि इसे स्वर्ण ग्रास देना महीने में एक बार अत्यंत आवश्यक है। साधक किसी भी वस्तु के लिए अपने उदर पोषण के लिए कुत्ते, बिल्ली के समान किसी पर आश्रित न रहे एवं उसे आवश्यकतानुसार उपभोग की वस्तु स्वतः ही प्राप्त होती रहे, यही तांत्रोक्त श्रीयंत्र की विशेषता है। यह केवल साधकों को ही दिया जाता है, गृहस्थों को इसे कदापि नहीं देना चाहिए। क्योंकि वे लालची होते हैं एवं इसका दुरुपयोग कर सकते हैं। ऐसी स्थिति में यह स्वतः ही खण्डित हो जाएगा। जिसने तांत्रोक्त श्रीयंत्र स्थापित कर लिया, तीन पीढ़ी तक उसके यहाँ ऋद्धि–सिद्धि नृत्य करेगी। तांत्रोक्त श्रीयंत्र को स्थापित कर **ह्रीं क ए ई ल ह्रीं ह स क ह ल ह्रीं सकल ह्रीं** – मंत्र का जप साधक को नित्य अपनी शक्ति अनुसार करना चाहिए और जो चाहे वह प्राप्त कर लेना चाहिए।

25. **स्फटिक श्रीयंत्र** :– गृहस्थों के लिए श्रेष्ठतम श्रीयंत्र स्फटिक निर्मित होता है। स्फटिक निर्मित मेरुपृष्ठ श्रीयंत्र गृहस्थों के लिए सर्वश्रेष्ठ है। इस श्रीयंत्र को शुक्रवार के दिन चांदी की प्लेट में स्थापित करें और **ऐं ह्रीं श्रीं श्री ललितायै नमः** मंत्र का 108 बार जप करते हुए इस यंत्र पर शुद्ध जल से अभिषेक करें। उसके घर में आरोग्य, उन्नति, समृद्धि, शांति इत्यादि सकारात्मक स्थितियाँ 21 दिनों के भीतर निर्मित हो जायेंगी। परंतु श्रीयंत्र का अभिषेक प्रतिदिन करना आवश्यक है। स्फटिक श्रीयंत्र का अभिषेक करने के पश्चात् उसके जल का सेवन भी कर सकते हैं। इससे वे दुःस्वप्न, मानसिक रोग, चिड़चिड़ाहट इत्यादि से सदैव मुक्त रहेंगे।

–: संक्षेप में :–

श्रीयंत्र विलक्षण है। अचानक रंग परिवर्तन, श्रीयंत्र में से शंखनाद, अष्टगंध की खुशबू, श्रीयंत्र पर अर्पित पुष्पों का लंबे समय तक खिले रहना, श्रीयंत्र में से दैवीय शक्ति प्रवाह सामान्य बातें हैं। साधकों को इससे विचलित नहीं होना चाहिए। जब श्रीयंत्र में अचानक सुनहरी आभा निकलने लगे तो इसे अत्यंत ही शुभ मानना चाहिए। कुछ महीने के पूर्ण श्रद्धा एवं समर्पण से उपासना करने पर श्रीयंत्र परम चैतन्य हो जाता है और जो कुछ उसके सामने बोलो वह सीधे ब्रह्माण्ड के सबसे उच्चतम बिंदु तक पहुँचकर साधक की अभिलाषा को पूर्ण कर देता है। श्रीयंत्र विचित्र है, विहंगम है। अमेरिका से लेकर जर्मनी तक बहुत–से वैज्ञानिक श्रीयंत्र का कोड खोलने में लगे हुए हैं। जिससे कि वह सब कुछ हस्तगत किया जा सके, जो कि एक साधारण मनुष्य को पराब्रह्माण्डीय मनुष्य में परिवर्तित करता है।

प्रस्तुतिः– श्री श्री अभिषेक कुमार (महाविद्याओं के सिद्ध साधक एवं मंत्र, तंत्र, यंत्र विशेषज्ञ)

श्रीयंत्र के बारे में विशेष जानकारी एवं प्राण–प्रतिष्ठित श्रीयंत्र प्राप्त करने हेतु आप एक बार अवश्य मिलें:– **श्री अभिषेक कुमार**
(श्रीविद्या के महा-आचार्य, महाविद्याओं के सिद्ध साधक, मंत्र, तंत्र, यंत्र विशेषज्ञ, शक्ति सिद्धांत के व्याख्याता, ज्योतिषाचार्य, हस्तरेखाशास्त्री एवं वास्तुशास्त्री, इस्लामी यंत्रों के विशेष जानकार)
शक्ति अनुसंधान केन्द्र, मो०– हजारी, नून का चौराहा, पटना सिटी, पटना–8.
अगर आप तुरंत प्रत्यक्ष मिल सकने में असमर्थ हैं, तो फोन द्वारा भी अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते हैं, अथवा हमें ईमेल भी कर सकते हैं।
Mob:- 9852208378, 9525719407 E-mail:- shaktianusandhankendra@gmail.com

शुभ दीपावली ।। श्री गणेशाय नमः।। शुभ दीपावली

ॐ वक्रतुण्ड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभः। निर्विघ्नं कुरू मे देव सर्वकार्येषु सर्वदा।।

।। ॐ श्री महालक्ष्म्यै नमः।।

ॐ महालक्ष्मि नमस्तुभ्यं नमस्तुभ्यं सुरेश्वरि। हरिप्रिये नमस्तुभ्यं नमस्तुभ्यं दयानिधे।।

दीपावली एवं अन्य शुभ अवसरों पर जपने योग्य माता महालक्ष्मी के कुछ प्रमुख दिव्य मंत्र

1. **ॐ नमः कमलवासिन्यै स्वाहा।।** (कमलवासिनी लक्ष्मी मंत्र)
2. **ॐ श्रीं ह्रीं श्रीं कमले कमलालये प्रसीद प्रसीद श्रीं ह्रीं श्रीं ॐ महालक्ष्म्यै नमः।।** (देवी लक्ष्मी का मूल मंत्र)
3. **श्रीं** (एकाक्षर लक्ष्मी बीज मंत्र)
4. **ॐ श्रीं श्रीं श्रीं ॐ।।** (महालक्ष्मी मंत्र)
5. **ॐ ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं।।** (स्फटिक माला में लक्ष्मी चैतन्य मंत्र)
6. **ॐ महालक्ष्म्यै च विद्महे, सर्वशक्त्यै च धीमहि। तन्नो देवि प्रचोदयात्।।** (सर्वशक्ति स्वरुपिणी माता महालक्ष्मी का गायत्री मंत्र)
7. **ॐ महालक्ष्म्यै च विद्महे, विष्णुपत्नयै च धीमहि। तन्नो लक्ष्मी प्रचोदयात्।।** (विष्णुपत्नी लक्ष्मी का गायत्री मंत्र)
8. **ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं श्री सिद्ध लक्ष्म्यै नमः।।** (सिद्ध लक्ष्मी मंत्र)
9. **ॐ ऐं ह्रीं श्रीं ज्येष्ठा लक्ष्म्यै स्वयंभुवे ह्रीं ज्येष्ठायै नमः।।** (ज्येष्ठा लक्ष्मी मंत्र)
10. **ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं श्रीं लक्ष्मीरागच्छागच्छ मम मन्दिरे तिष्ठ तिष्ठ स्वाहा।।** (लक्ष्मी आवाहन मंत्र)
11. **ॐ श्रीं श्रीं महालक्ष्मी आगच्छ आगच्छ धनं देहि देहि ॐ।।** (लक्ष्मी आवाहन मंत्र)
12. **ॐ श्रीं श्रीं कमले कमलालये प्रसीद प्रसीद मम गृहे आगच्छ आगच्छ महालक्ष्म्यै नमः।।** (लक्ष्मी आवाहन मंत्र)
13. **ॐ नमो भगवती पद्म पद्मावती ॐ ह्रीं पूर्वाय, दक्षिणाय, पश्चिमाय, उत्तराय आणुपूरय सर्व जनं वश्यं कुरू कुरू स्वाहा।**
(लक्ष्मी वशीकरण देवी पद्मावती मंत्र)
14. **ॐ ऐं ह्रीं श्रीं श्रियै नमो भगवति मम् समृद्धौ ज्वल ज्वल मां सर्व सम्पदं देहि देहि मम अलक्ष्मी नाशय नाशय हुं फट् स्वाहा।।** (लक्ष्मी तांत्रिक मंत्र)
15. **ॐ श्रीं श्रीं ह्रीं ह्रीं ऐश्वर्य महालक्ष्म्यै पूर्ण सिद्धिं देहि देहि नमः।।** (ऐश्वर्य लक्ष्मी मंत्र)
16. **ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं त्रिभुवन पालिन्यै महालक्ष्म्यै अस्माकं दारिद्रयं नाशय नाशय प्रचुरं धनं देहि देहि क्लीं ह्रीं श्रीं ॐ।।**
(दारिद्रय नाशक प्रचुर धन प्रदाता लक्ष्मी मंत्र)
17. **ॐ ऐं श्रीं महालक्ष्म्यै कमल धारिण्यै गरूड़ वाहिन्यै श्रीं ऐं नमः।।** (व्यापार लक्ष्मी मंत्र)
18. **ॐ श्रीं श्रीं राजलक्ष्म्यै ह्रीं ह्रीं ॐ स्वाहा।।** (राजलक्ष्मी मंत्र)
19. **ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं महालक्ष्म्यै ऋण मुक्तं कुरू कुरू स्वाहा।।** (ऋण मुक्ति लक्ष्मी मंत्र)
20. **ॐ ह्रीं ह्रीं श्रीं श्रीं क्रीं क्रीं ह्रीं ह्रीं श्रीं श्रीं क्लीं श्रीं श्रीं ह्रीं श्रीं लक्ष्मी मम व्यापार वृद्धि कुरू कुरू स्वाहा।।** (व्यापार वृद्धि लक्ष्मी मंत्र)
21. **ॐ श्रीं ह्रीं ऐं महालक्ष्म्यै कमलधारिण्यै सिंहवाहिन्यै स्वाहा।।** (सिंहवाहिनी लक्ष्मी मंत्र, धन की पूर्ण सुरक्षा के लिए)
22. **ॐ ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं ह्सौः जगत्प्रसूत्यै नमः।।** (कमला देवी मंत्र)
23. **ॐ ह्रीं अष्टलक्ष्म्यै दारिद्रय विनाशिनी सर्व सुख समृद्धिं देहि देहि ह्रीं ॐ नमः।।** (अष्टलक्ष्मी मंत्र)
24. **श्रीं ह्रीं क्लीं श्री महालक्ष्म्यै स्वाहा।।** (ब्रह्माण्डीय लक्ष्मी मंत्र)
25. **ॐ श्रीं श्रीं ह्रीं ह्रीं कमल निवासिनी सदा सुहासिनी मां चंचले महालक्ष्म्यै स्थिरां स्थिरां ह्रीं ह्रीं श्रीं श्रीं श्रीं ॐ नमः विष्णु प्रियाय ॐ नमः शिव प्रियाय ॐ नमः कामाक्षायै ह्रीं ह्रीं क्रीं क्रीं श्रीं श्रीं श्रीं ॐ फट् स्वाहा।** (लक्ष्मी स्थिरीकरण मंत्र)
